प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार''

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता का टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– इस साल एक लाख किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेगी सरकार।
- भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मंडी में संपन्न– जन विरोधी फैसलों के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने का संकल्प।
- प्रदेश सरकार ने सरकारी सेवा में अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवा विस्तार, पुनः रोजगार और री–अंगेजमेंट पर लगाया प्रतिबंध।
- प्रदेश के पांच जिलों में आज और कल ओलावृष्टि और भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि टीबी रोग उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है जबकि इसे जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मंडी जिला के सुंदरनगर में दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जन प्रतिनिधियों, पंचायतों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, आशा कार्यकर्ताओं और प्रत्येक नागरिकों को टीबी उन्मूलन में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर सोलन में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में होम्योपैथी, मेडिकल कॉलेज और सोलन नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों ने लोगों का स्वास्थ्य जांचा और उनका मार्ग दर्शन किया। नाहन में भी इस मौके पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए जहां रोगियों की निःशुल्क जांच और दवाईयां उपलब्ध करवाई गई।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि कृषि विभाग इस वर्ष एक लाख किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दे रही है और किसानों को इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक प्रदेश में 2 लाख 22 हज़ार 8 सौ 93 किसान और बागवान परिवार प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। वर्तमान में राज्य में 38 हज़ार 4 सौ 37 हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है।

भाजपा बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक आज मंडी में संपन्न हो गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी चुनाव रणनीति और जनसंघर्ष की रूपरेखा तैयार की गई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार टैक्स का बोझ बढ़ाए जाने से जनता मंहगाई से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेगी। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार को संरक्षण, कर्ज लेना, जनता पर करों का बोझ थोपना और मित्रों का भरण पोषण ही सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में भारी जनसमर्थन से सत्ता में लौटेगी। प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश के 8 हज़ार 7 बूथों पर कांग्रेस की जमानत जब्त होगी। सहप्रभारी संजय टंडन ने कहा कि पार्टी कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई 10 गारंटियों का सच जनता के सामने लाएगी।

सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा हासिल की है जबकि कांग्रेस ने हमेशा अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने राजनीतिक प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का कार्यकाल हिमाचल प्रदेश के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज होगा। सांसद राजीव भारद्वाज और प्रदेश भाजपा सचिव प्रियंता शर्मा ने बैठक में प्रस्तुत राष्ट्रीय राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ये प्रस्ताव देश के विकास, सुशासन और मजबूत भविष्य का रोड़मैप है, जिसे कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन–जन तक पहुंचाया जाएगा।

कांग्रेस

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार भाजपा कार्य समिति की बैठक में पारित संकल्पों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा का कोई भी षड़यंत्र चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जनविरोधी चहरा प्रदेश के लोगों ने देखा है। विनय कुमार ने कहा कि भाजपा आज प्रदेश हितैषी होने का ढोंग रच रही है जबकि उसके कार्यकाल में जब कर्मचारियों ने पैंशन मांगी तो

तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनको चुनाव लड़ने की चुनौती दे डाली। उन्होंने कहा कि पूर्व में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार ने प्रदेश के लोगों को ठगा है। उन्होंने ये भी दावा किया कि कांग्रेस की नीतियां प्रदेश हित में हैं और हिमाचल आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है।

प्रतिबंध

प्रदेश सरकार ने सरकारी सेवा में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवा विस्तार, पुनः रोजगार और री–अंगेजमेंट पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रदेश सरकार में संयुक्त सचिव कार्मिक नीरज कुमार की ओर से आज जारी निर्देशों में कहा गया है कि आज के बाद कोई भी प्रशासनिक विभाग किसी भी स्तर पर अधिकारियों या कर्मचारियों के सेवा विस्तार, पुनः रोजगार व री–अंगेजमेंट के प्रस्ताव न तो मंजूर करेंगे और न ही सरकार को भेजेंगे। आदेशों में ये भी कहा गया है कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्तमान में सेवा विस्तार दिया गया है या पुनः रोजगार पर रखा गया है वह निर्धारित अवधि पूरी करने पर स्वतः ही सेवानिवृत माने जाएंगे।

डीजीपी

प्रदेश पुलिस के कार्यकारी महानिदेशक अशोक तिवारी ने कहा है कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त विभाग के किसी भी कर्मचारी को बक्शा नहीं जाएगी। तिवारी ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस तरह के मामलों में विभाग के अब तक 16 पुलिस कर्मियों को नौकरी से बर्खास्त किया जा चुका है।

कार्यकारी पुलिस महानिदेशक ने कहा कि चेस्टर हिल मामले में यदि विभाग को कोई विशेष जिम्मेदारी सौंपी जाती है तो विभाग उसे निष्ठा से पूरी करेगा।

बस सेवा

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने पांगी प्रशासन और राज्य पथ परिवहन निगम से सुराल–शिमला बस सेवा तुरंत बहाल करने की मांग की है ताकि पांगी घाटी की जनता को राहत मिल सके। भारद्वाज ने आकाशवाणी को बताया कि भारी बर्फबारी के कारण ये बस सेवा पिछले लगभग चार महीनों से बंद है। इस कारण पांगी घाटी के लोगों को टैक्सियों में भारी भरकम किराया देकर कुल्लू– मनाली पहुंचना पड़ रहा है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने हाल ही में हुई ओलावृष्टि से सेब बागवानों को हुए नुकसान पर चिंता जताई है और प्रदेश सरकार से तुरंत मुआवजा देने की मांग की है। पार्टी प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में कहा कि अभी तक प्रदेश सरकार ने न तो नुकसान का सर्वे किया है और न ही राहत की घोषणा की है। उन्होंने सरकार के इस रवैये को किसानों के प्रति संवेदनहीनता करार दिया। उन्होंने प्रदेश सरकार से ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सर्वेक्षण करवाने और बागवानों को मुआवजा देने की मांग की। भारद्वाज ने ये भी कहा कि प्रदेश में हो रही ओलावृष्टि से सेब की पैदावार पर संकट आ गया है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में ओलावृष्टि, भारी वर्षा और आंधी–तुफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि बीते 24 घंटों के दौरान हुई बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी के चलते तापमान में गिरावट आई है।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास के लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार सड़कों का नेटवर्क बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। विक्रमादित्य सिंह ने आज दून विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठाड़ में इंडोर स्टेडियम की आधारशिला रखने के मौके पर कहा कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का अहम योगदान रहता है। उन्होंने लोगों से आगामी पंचायत चुनावों में सही पंचायत प्रतिनिधि चुनने का आह्वान किया ताकि विकास की गति को आगे बढ़ाने में कोई बाधा न आए।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता का टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– इस साल एक लाख किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेगी सरकार।
- भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मंडी में संपन्न– जन विरोधी फैसलों के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने का संकल्प।

- प्रदेश सरकार ने सरकारी सेवा में अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवा विस्तार, पुनः रोजगार और री–अंगेजमेंट पर लगाया प्रतिबंध।
- प्रदेश के पांच जिलों में आज और कल ओलावृष्टि और भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।